कुल प्रश्नों की संख्या : 28
Total No. of Questions: 28

कुल पृष्ठों की संख्या : 08
Total No. of Pages: 08

हाई स्कूल परीक्षा, दिसम्बर–2021

401

विषय : हिन्दी (सामान्य)

Subject: HINDI (General)

समय : 03 घण्टे
Time: 03 Hours

पूर्णांक : 100
Maximum Marks: 100

निर्देशः–

(i) *प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 5X1=5 अंक निर्धारित हैं। कुल अंक 5X1X5=25 हैं।*

(ii) *प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2–2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं।*

(iii) *प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3–3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 से 75 शब्द हैं।*

(iv) *प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4–4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 से 120 शब्द हैं।*

(v) *प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5–5 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 से 150 शब्द हैं।*

(vi) *प्रश्न क्रमांक 28 के लिए शब्द सीमा लगभग 200–250 शब्द निर्धारित हैं। अंक (7+3=10) निर्धारित हैं। खण्ड–अ के लिए 7 अंक तथा खण्ड–ब के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।*

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.1 सही विकल्प का चयन कीजिए– **(5×1=5)**

(1) तुलसीदास प्रवर्तक कवि हैं –

(क) ज्ञानमार्गी के (ख) सगुण भक्ति – काव्यधारा के

(ग) निर्गुण शाखा के (घ) प्रेममार्गी शाखा के

(2) काम कितना हो कठिन, किन्तु –

(क) उकताते नहीं (ख) समझते नहीं

(ग) पछताते नहीं (घ) करते नहीं

(3) 'अमर' किन शब्दों का एक शब्द है –

(क) अभी मरने वाला (ख) जो कभी न मरने वाला हो

(ग) मरणशील जीव (घ) मृत्यु को प्राप्त हो चुका है

(4) 'रहन–सहन' में समास है –

(क) द्विगु (ख) तत्पुरुष

(ग) द्वन्द्व (घ) अव्ययीभाव

(5) 'अतीत' शब्द का विलोम है –

(क) कल (ख) भविष्य

(ग) वर्तमान (घ) आज

प्र.2 दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **(5×1=5)**

(1) 'धरती' शब्द का तत्सम रूप ..... है। (धरा / धरोहर)

(2) वर्षा के आगमन से ..... पर बादल छा जाते हैं। (धरती / आकाश)

(3) सरस्वती ..... पत्रिका थी। (मासिक / साप्तहिक)

(4) भानूदय में ..... संधि है। (स्वर संधि / व्यंजन संधि)

(5) वाक्य ..... प्रकार के होते हैं। (तीन / दो)

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए – **(5×1=5)**

(1) भारत का मुकुट कौन है?

(2) अरविंद के पिता क्या थे?

(3) सत्य की नाव का नाविक कौन है?

(4) रचना की दृष्टि से वाक्य कितने प्रकार के होते हैं?

(5) जिसके माता–पिता नहीं है।

प्र.4 सही जोड़ी बनाकर लिखिए – **(5×1=5)**

	'क'		**'ख'**
(1)	विनय पत्रिका	(क)	रामरतनधन
(2)	शबरी	(ख)	उच्च रक्त चाप
(3)	सूखी डाली	(ग)	तुलसीदास
(4)	मीरा	(घ)	एकांकी
(5)	तनाव	(ङ)	राम

प्र.5 निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए – **(5×1=5)**

(1) छोटे कद का आदमी बौना कहलाता है।

(2) कश्मीरी ठण्ड़ से बचने के लिए कांगड़ी का उपयोग करते हैं।

(3) गोपाल कल आएगा निषेधवाचक वाक्य है।

(4) 'मुश्किल' आगत शब्द है।

(5) अपनी चीज का मोह बहुत अच्छा होता है।

प्र.6 गाँव के हर आने–जाने वाले से माटी वाली क्या कह रही थी? **(2)**

अथवा

कश्मीर प्रत्येक भारतीय को क्यों लुभाता है?

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.7 तुलसीदास जी ने किसे परमहित माना है? (2)

अथवा

कवि ने कर्मवीर किसे कहा है?

प्र.8 अध्ययन की दृष्टि से निबंध को कितने भागों में बाँटा गया है? (2)

अथवा

गद्य किसे कहते हैं? गद्य की परिभाषा लिखिए।

प्र.9 जिसमें दोनों पद प्रधान होते हैं, उस समास का क्या नाम है? (2)

अथवा

संधि किसे कहते हैं?

प्र.10 एकांकी के प्रमुख तत्वों के नाम लिखिए। (कोई–चार) (2)

अथवा

उपन्यास के प्रमुख भेद लिखिए। (कोइ–चार)

प्र.11 निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक–एक शब्द लिखिए – (कोइ–दो) (2)

नाव चलानेवाला, इतिहास से संबंधित, जिसके पास धन न हो।

अथवा

निम्न शब्दों का संधि विग्रह कर संधि का नाम लिखिए – (कोई–दो)

रमेश, मनोभाव, नीरस

प्र.12 निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए – (2)

ईश्वर, कनक, गुरु, अतिथि

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –

अपना, नर, प्रेम, पुण्य

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.13 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए – (कोई–दो) (2)

आँखों का तारा, धूल में मिला देना, चकमा देना

अथवा

अल्प विराम चिन्ह का प्रयोग कहाँ होता है, उदाहरण सहित बताइए।

प्र.14 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए – (कोई–दो) (2)

(1) मोहन आटा पिसाकर लाया।

(2) मैं पुस्तक को खरीदता हूँ।

(3) वृक्ष में फल लगे हैं।

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए – (कोई–दो)

(1) रमेश पुस्तक पढ़ता है। (आज्ञार्थक)

(2) सुरेन्द्र कमजोर है। (निषेधात्मक)

(3) वह कार्य में सफल हो गया? (प्रश्नवाचक)

प्र.15 एकांकी किसे कहते हैं? एकांकी के दो प्रकार लिखिए। (2)

अथवा

नाटक के कोई चार प्रमुख तत्व लिखिए।

प्र.16 प्रकृति ने हमें क्या–क्या प्रदान किया है? बताइए। (3)

अथवा

वर्षा की प्रतीक्षा सभी प्राणियों को क्यों रहती हैं?

प्र.17 शबरी का मन आत्म–विभोर क्यों हो गया? (3)

अथवा

तुलसीदास ने अपने परम स्नेही जनों को करोड़ो शत्रु के समान क्या कहा है?

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.18 ''जंगलों में भी महामंगल रचा देते हैं।'' इस पंक्ति का भाव विस्तार कीजिए। (3)

अथवा

कर्मवीर कौन–कौन से बड़े काम करके दिखा देते हैं?

प्र.19 व्यक्ति का जीवन कब ढलने लगता है? (3)

अथवा

रेल की नौकरी छोड़ने के बाद द्विवेदी जी ने क्या किया?

प्र.20 संयुक्त परिवार का प्रतीक सूखी डाली एकांकी में किसे बताया गया है और क्यों? (3)

अथवा

अति व्यस्तता ने मानव–जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है?

प्र.21 सुबह जल्दी उठने से क्या लाभ होता है? (3)

अथवा

'पृथ्वी पर अगर कहीं स्वर्ग है, तो वह यहीं हैं' इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।

प्र.22 माटी बेचने से हुई आमदनी से माटी वाली क्या सोचती हुई अपने घर पहुँच गई? (4)

अथवा

प्रकृति को किसका भार अधिक लगता है और क्यों?

प्र.23 बंग–भंग आंदोलन का अरविंद पर क्या प्रभाव पड़ा? (4)

अथवा

'वक्त सबके लिए बराबर है' पंक्ति को लेखक ने किन उदाहरणों से समझाया?

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – **(4)**

पेड़ों की छाँह हुई गहरी

इसका साथी दिन का प्रहरी,

जो मेरा साथी बन पाता

वह रूप कहीं है भरमाया।

अथवा

स्याम स्वर्ण तन कमल नयन थे,

जटा–मुकुट सिर पर अभिराम।

धुनष–बाण तरकश को धारे,

सुंदरता के कोटि ललाम।

प्र.25 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

पुस्तकों का हम सबको बहुत ऋणी होना चाहिए। मनुष्य जाति ने आज तक जितना भी ज्ञान तथा अनुभव प्राप्त किया है, जो भी अविष्कार व अन्वेषण किए हैं, वे सब इसमें संचित हैं। इससे हर प्रकार का ज्ञान प्राप्त करते हैं। यदि हम इनके यथार्थ रूप को न समझे तो ये भुनभुना नहीं जाएँगे और यदि हम अज्ञानी हैं, तो हमारी मुर्खता पर हँसेंगे नहीं। इसलिए बुद्धि तथा ज्ञान से पूर्ण पुस्तकालय संसार ही बहुमूल्य वस्तु है।

प्रश्न –

(1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **(1)**

(2) मनुष्य ने ज्ञान और अनुभव किससे प्राप्त किया? **(1)**

(3) संसार की बहुमूल्य वस्तु क्या है? **(1)**

(4) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। **(2)**

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.26 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

जिसमें नहीं है देश–भक्ति का जुनून।

उसका कहेंगे हम बेईमान खून।।

चाहे कोई जाति हो या कोई हो धरम।

सबकी जुबाँ पे हो वंदे मातरम्।

प्रश्न –

(1) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **(1)**

(2) बेईमान कौन है? **(1)**

(3) सभी की जुबाँ पर क्या होना चाहिए? **(1)**

(4) उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए। **(2)**

प्र.27 अपने प्राचार्य को चारित्रिक प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लिखो। **(5)**

अथवा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक पत्र लिखकर सूचित कीजिए कि आपके मोहल्ले में गंदगी फैल रही है।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200-250 शब्दों में निबंध लिखिए– **(7)**

(1) भारत की राष्ट्रीय एकता

(2) समाचार पत्र

(3) पर्यावरण की समस्या

(4) वृक्षारोपण

(5) कम्प्यूटर

(ब) उपर्युक्त विषयों में से जिस विषय पर निबंध लिखा गया हो, उसे छोड़कर शेष विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए। **(3)**

---

schools.aglasem.com

aglasem.com

कुल पृष्ठों की संख्या : 06

हाई स्कूल परीक्षा, दिसम्बर–2021

आदर्श उत्तर

401

विषय : हिन्दी (सामान्य)

Subject: HINDI (General)

उ.1 (1) सगुण भक्ति काव्यधारा के **(5×1=5)**

(2) उकताते नहीं

(3) जो कभी न मरने वाला हो

(4) द्वन्द्व

(5) भविष्य

उ.2 (1) धरा **(5×1=5)**

(2) धरती

(3) मासिक

(4) स्वर संधि

(5) तीन

उ.3 (1) हिमालय **(5×1=5)**

(2) सिविल सर्जन

(3) सद्‌गुरू

(4) तीन प्रकार

(5) अनाथ

उ.4 (1) तुलसीदास **(5×1=5)**

(2) राम

(3) एकांकी

(4) राम रतनधन

(5) उच्च रक्त चाप

schools.aglasem.com

aglasem.com

उ.5 (1) सत्य **(5×1=5)**

(2) सत्य

(3) असत्य

(4) सत्य

(5) असत्य

उ.6 माटी वाली एक ही बात कह रही थी – ''गरीब आदमी का शमशान नहीं उजड़ना चाहिए''। **(2)**

अथवा

उ.6 'अगर कही स्वर्ग है, तो वह यही हैं, इसलिए कश्मीर प्रत्येक भारतीय को लुभाता है।'

उ.7 तुलसीदास ने जिसके कारण श्रीराम के चरणों में स्नेह प्रीति हो उसे ही अपना परमहित माना है। **(2)**

अथवा

उ.7 कवि ने असंभव को संभव कर दिखाने वाले को कर्मवीर कहा है।

उ.8 अध्ययन की दृष्टि से – निबंध को चार भागों में बांटा है। **(2)**

अथवा

उ.8 समान्य बोलचाल की शैली में गद्य ही प्रयुक्त होता है। छन्द, विधान एवं लय के बंधन से मुक्त रचना गद्य कहलाती है।

उ.9 द्वन्द्व समाज **(2)**

अथवा

उ.9 दो वर्णों के मेल से जो विकार या परिवर्तन होता है, उसे संधि कहते हैं।

उ.10 प्रमुख तत्व – कथानक, कथोपकथन, भाषा शैली, चरित्र–चित्रण, उद्देश्य, अभिनेयता, देशकाल वातावरण **(2)**

(कोई चार पर अंक दे)

अथवा

उ.10 प्रमुख भेद – सामाजिक, ऐतिहासिक, राजनैतिक, पोराणिक, आंचलिक, क्रांतिकारी जासूसी

(कोई चार पर अंक दे)

schools.aglasem.com

aglasem.com

उ.11 (1) नाविक / केवट (2)

(2) ऐतिहासिक

(3) निर्धन

अथवा

उ.11 (1) रमेश – रमा + ईशा = गुण स्वर संधि

(2) मनोभाव – मनः + भाव = विसर्ग संधि

(3) नीरस – निः + रस = विसर्ग संधि

उ.12 ईश्वर – परमात्मा (2)

कनक – सोना / धतुरा

गुरू – आचार्य / शिक्षक

अतिथि – मेहमान

अथवा

उ.12 अपना – पराया, नर – नारी, प्रेम – घृणा, पुण्य – पाप

उ.13 (1) बहुत प्यारा लगना (2)

(2) नदर करना

(3) धोका देना

अथवा

उ.13 वाक्य में जब बहुत कम देर के लिए ठहरना होता है, वहां पर अल्पविराम होता है। जैसे – हाँ, मैंने खाना खा लिया है।

उ.14 (1) मोहन अनाज पिसाकर लाया है। (2)

(2) मैं पुस्तक खरीदता हूँ।

(3) वृक्ष पर फल लगे हैं।

अथवा

उ.14 (1) रमेश पुस्तक पढ़े।

(2) सुरेन्द्र कमजोर नहीं है।

(3) क्या वह कार्य में सफल हो गया?

schools.aglasem.com

aglasem.com

अथवा

उ.15 एक वाले नाटक को एकांकी कहा जाता है। एकांकी के दो प्रकार – सामाजिक एकांकी, पोराणिक एकांकी। (2)

(अन्य पर भी अंक दे)

उ.15 (1) कथावस्तु

(2) संवाद

(3) चरित्र – चित्रण

(4) रंगमंचीयता आदि

उ.16 प्रकृति हमें स्वर्ग के समान सुख, निरंतर चरण धोने वाला समुद्र, मुकुट स्वरूप हिमालय, अमृत की धारा बहाने वाली नदियां, बड़े रसीले फल – कंद, मेवे, दिन – रात हंस रहे सुंदर और सुंगधित फूल, मैदानों – पहाड़ों और वनों में लहकती हुई हरियालियां और अनंत धन से लदी भरी हुई धरती प्रदान किया है। (3)

अथवा

उ.16 वर्षा की प्रतीक्षा सभी प्राणियों को रहती हैं। यह इसलिए कि उससे नया जीवन मिलता है। नीसरता, सरसता में बदल जाती है। चारों ओर आनंद और सुख का वातावरण फैल जाता है। पूरी धरती मानों स्वर्ग हो जाती है। हरियाली से संपूर्ण धरती उत्सव मनाती प्रतीत होती है।

उ.17 शबरी का मन आत्म – विभोर हो गया क्योंकि, उसकी कुटिया पर स्वंय राम अपने भाई लक्ष्मण के साथ आए थे। दूसरी बात यह है कि श्रीराम का रूप – सौंदर्य अनोखा था। वे सावले थे। सोने के समान उनका शरीर चमक रहा था। उनकी आँखें कमल के समान थी। उनके सिर पर सुंदर जटा मुकुट था। वे धनुष वाण लिये अत्यधिक सुंदरता से मन को मोह रहे थे। (3)

अथवा

उ.17 तुलसीदास जी अपने परम स्नेहीजनों को करोड़ों शगु के समान कहा है। यह इसलिए कि उनका इष्टदेव श्रीराम और सीता के प्रति बिल्कुल भक्ति भावना नहीं है।

उ.18 जंगल में भी महामंगल मया देते हैं। इस पंक्ति का भाव यह है कि कर्मवीर बड़े बहादुर होते हैं। उनमें असंभव को भी संभव कर दिखाने की पूरी क्षमता होती है। इस प्रकार उनके लिए कोई भी चीज बड़ी या छोटी नहीं होती है। (3)

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.18 कर्मवीर अनेक प्रकार के बड़े – बड़े काम करके दिखा देते हैं। वे पर्वतों को काटकर सड़के बना देते हैं। रेगिस्तान में नदियां बहा देती है। समुद्र की गहराइयों में बेडा चला देते हैं।

उ.19 व्यक्ति का जीवन तब ढलने लगता है, जब वह एक ही पड़ाव पर टिका रहता है। ठहराव ही जीवन का ढ़लाव है। (3)

अथवा

उ.19 नौकरी छोड़ने के बाद द्विवेदी जी को मित्रों से सहायता के अनेक प्रस्ताव आए पर उन्होंने किसी की भी सहायता स्वीकार नहीं की। उन्होंने इंडियन प्रेस द्वारा दिए गए कार्य अर्थात 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादन कार्य को स्वीकार कर लिया। अवकाश के समय में वह अनुवाद आदि का भी थोड़ा बहुत काम कर लिया करते थे।

उ.20 संयुक्त परिवार का प्रतीक एकांकी में विशाल वटवृक्ष को बताया गया है। यह इसलिए कि जिस प्रकार वटवृक्ष की छाया स्थायी, शीतल और सुखद होती है, उसी प्रकार संयुक्त परिवार के मुखिया का संरक्षण सुख और शांति बनाए रखता है। (3)

अथवा

उ.20 कत्रिम सभ्यता ने मनुष्य की नींद व चैन हराम करके रख दिया है। अपनी अस्त – व्यस्तता में उसे किसी चीज की फुरसत नहीं है। अगर फुरसत मिलती भी है, तो सिर्फ तनाव, चिंता एवं उद्विग्नता के लिए इसकी परिणाम यह है कि शरीर भांति – भांति के रोगों से ग्रस्त है।

उ.21 स्वविवेक से अंक दे। (3)

अथवा

उ.21 पृथ्वी पर अगर कही स्वर्ग है, तो वह यही है इस कथन का भाव यह है कि कश्मीर की सुंदरता संसार में सबसे अधिक है। उसके सुख और आनंद के सामने और कही सभी सुख– आनंद फीके जान पड़ते हैं। वह तो स्वर्ग के समान ही है।

उ.22 माटी आमदनी से उसने एक पाव प्याज खरीद लिया। प्याज को कूटकर तल होगी। बूढ़े को पहले रोटियां दिखाएगी ही नहीं। सब्जी तैयार होते ही परोस देगी दो रोटियां। अब वह दो रोटियां भी नहीं खा पायेगा उसे पचती नहीं। बाकी डेढ़ रोटी से अपना काम चला लेगी। मन यह सब हिसाब लगाती घर पहुंच गयी। (4)

schools.aglasem.com
aglasem.com

अथवा

उ.22 प्रकृति को उसके विपरीत चलने वालों का भार अधिक लगता है क्योंकि उसे यह असय होता है।

उ.23 बंग – भंग आंदोलन का अरविंद पर व्यापक प्रभाव पड़ा। इस आंदोलन से वे लगातार जुड़े रहे। इस तरह पाँच साल तक वे राजनीति में सक्रिय भाग लेते रहे। यह सच है कि उन्होंने राजनीति को आध्यात्मिक शक्ति से सफल करना चाहा। **(4)**

अथवा

उ.23 वक्त सबके लिए बराबर है लेखक ने बैंक और शेयर बाजार के उदाहरणों से समझाया है। वह इस तरह अगर बैंक जवाब दे दे, तो एक करोड़पति भी मिनटों में गरीब और भीख मँगा बन सकता है, लेकिन कुदरत का इंतजाम नहीं बिगड़ता। समय के सागर में शेयर बाजार की तरह दिन में कितने ही बार ज्वारभाटा नहीं आता। धन की दुनिया में अमीर – गरीब बादशाह – कंगाल का फर्क है पर खुश किश्मती से समय के साम्राज्य में ऊँच–नीच का भेदभाव नहीं है।

उ.24 संदर्भ – प्रस्तुत पद्यांश भी रामनाथ अवस्थी विरचित 'बरखा गीत' कविता से हैं। **(4)**

(प्रसंग, व्याख्या स्वविवेक से अंक दे)

अथवा

उ.24 संदर्भ – प्रस्तुत पद्यांश हमारी पाठ्य पुस्तक से संकलित कवि डॉ. प्रेम भारती द्वारा रचित 'शबरी' से लिया गया है।

(प्रसंग एवं व्याख्या स्वविवेक से अंक दे)

उ.25 स्वविवेक से अंक दे। **(5)**

उ.26 स्वविवेक से अंक दे। **(5)**

उ.27 स्वविवेक से अंक दे। **(5)**

उ.28 स्वविवेक से अंक दे। **(7+3=10)**

---

schools.aglasem.com

aglasem.com

कुल प्रश्नों की संख्या : 28
Total No. of Questions: 28

कुल पृष्ठों की संख्या : 08
Total No. of Pages: 08

हायर सेकेण्डरी परीक्षा, दिसम्बर–2021

051

विषय : हिन्दी सामान्य

Subject: HINDI GENERAL

समय : 03 घण्टे
Time: 03 Hours

पूर्णांक : 100
Maximum Marks: 100

निर्देश :–

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न क्रमांक 6 से 24 तक एवं प्रश्न क्रमांक 27 एवं 28 में विकल्प दिये गये हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक आवंटित हैं। उपप्रश्न पर 1 अंक आवंटित है। इस प्रकार वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर 1X5X5=25 अंक आवंटित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2–2 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3–3 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4–4 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5–5 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए 10 अंक आवंटित हैं। यह प्रश्न खण्ड "अ" तथा खण्ड "ब" में विभक्त है (7+3=10)। शब्द सीमा लगभग 200 से 250 शब्द है।

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.1 उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **(5×1=5)**

(1) प्रथम राष्ट्रीय कवि.....को माना जाता है। (भूषण / दिनकर)

(2) रवीन्द्रनाथ टैगोर.....की पुस्तक पढ़ रहे थे। (सम्पत्तिशास्त्र / सौन्दर्यशास्त्र)

(3) ''निष्ठामूर्ति कस्तूरबा'' पाठ के लेखक.....हैं। (महात्मा गाँधी / काका कालेलकर)

(4) ''इसका पद–तल छूने वाला''.....की गाथा गाता है। (गंगा / वेदों)

(5) ''जलद'' शब्द का अर्थ..... है। (बादल / कमल)

प्र.2 निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प का चयन कर लिखिए – **(5×1=5)**

(1) अब्दुर्रहीम खानखाना का संक्षिप्त नाम था –

(1) रहीम (2) करीम

(3) रसखान (4) रैदास

(2) ''श्रेय–प्रेय'' शब्द में समास है –

(1) द्विगु (2) कर्मधारय

(3) द्वन्द्व (4) तत्पुरुष

(3) ''पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून'' पक्ति में अलंकार है –

(1) यमक (2) श्लेष

(3) अनुप्रास (4) उपमा

(4) प्रसिद्ध आंचलिक कथाकार हैं –

(1) प्रेमचन्द (2) जयशंकर प्रसाद

(3) फणीश्वरनाथ 'रेणु' (4) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

(5) बल में निवास है –

(1) देवत्व का (2) पुरुषत्व का

(3) अज्ञान का (4) मानवता का

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के लिए सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए – **(5×1=5)**

(1) द्वन्द्व समास में दूसरे पद की प्रधानता होती है।

(2) संक्षेपण में किस प्रकार की टीका टिप्पणी करना अनिवार्य है?

(3) पुस्तकों का जलना विश्व धरोहर को नष्ट करने के तुल्य है।

(4) कवि माँ से वरदान की अपेक्षा करता है।

(5) भिखारी बच्चों की माँ अमरावती जेल में बंद थी।

प्र.4 सही जोड़ी बनाकर लिखिए – **(5×1=5)**

(अ) अवलम्ब	(1) महादेवी वर्मा
(ब) माँ	(2) सुभद्रा कुमारी चौहान
(स) मन की एकाग्रता	(3) सहारा
(द) शल्य–क्रिया	(4) निबंध
(इ) तीन बच्चे	(5) पारिभाषिक शब्द
	(6) एकांकी
	(7) कविता

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए – **(5×1=5)**

(1) धरती किसके ताप से जल रही है?

(2) हम कैसी दुंदुभी बजा रहे हैं?

(3) हिमालय पर्वत से कौनसी पवित्र नदी निकलती है?

(4) रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं?

(5) ''मयूर वन में नाचो'' वाक्य का प्रकार है।

प्र.6 नाइग्राफॉल किसे कहा गया है? **(2)**

अथवा

मोमबत्ती बुझने पर चाँदनी कहाँ–कहाँ फैल गई?

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.7 बल का उपयोग विवेक के साथ क्यों करना चाहिए? (2)

अथवा

घर में स्वच्छता और सलीके का अभाव क्यों था?

प्र.8 भारतेन्दु युग के प्रवर्त्तक कौन थे? (2)

अथवा

महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कौनसी पत्रिका का सम्पादन किया था?

प्र.9 निबंध कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखिए। (2)

अथवा

आत्मकथा किसे कहते हैं?

प्र.10 कहानी के कितने तत्व होते हैं? नाम लिखिए। (2)

अथवा

शुक्ल युग के बाद का युग किस नाम से जाना जाता है?

प्र.11 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – (2)

(1) वृक्ष में से पत्ते गिर रहे हैं।

(2) मैं मेरी कलम से लिखता हूँ।

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कर लिखिए –

(1) आपको चुप रहना चाहिए। (आज्ञावाचक)

(2) मयूर वन में नाचता है। (प्रश्नवाचक)

प्र.12 निम्नलिखित पंक्ति का भाव पल्लवन कर लिखिए – (2)

आशा से आकाश थमा है।

अथवा

विद्या से विनम्रता आती है।

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.13 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कर लिखिए – **(2)**

(1) फूला न समाना

(2) सिर पटक लेना

अथवा

निम्नलिखित शब्द युग्मों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

(1) हँसता – खेलता

(2) बचा – खुचा

प्र.14 निम्नलिखित भिन्नार्थक समोच्चारित शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कर लिखिए – **(2)**

(1) दिन – दीन

(2) अपेक्षा – उपेक्षा

अथवा

निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए –

(1) खैर

(2) सलीका

प्र.15 विलोम शब्द लिखिए – **(2)**

(1) एकता

(2) कड़वा

अथवा

निम्नलिखित शब्द के पर्यायवाची शब्द लिखिए –

(1) पग

(2) पेड़

प्र.16 ''महाश्वेता'' की छवि कौन धारण करता है? यहाँ महाश्वेता का क्या अर्थ है? **(3)**

अथवा

गाँधीजी का शिक्षा के प्रति क्या दृष्टिकोण था?

प्र.17 मंत्रीजी सरोवर क्यों जाते थे? **(3)**

अथवा

मन को एकाग्र करने के बाह्य साधन क्या हैं?

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.18 नालंदा विश्वविद्यालय में कौन से तीन पुस्तकालय थे? **(3)**

अथवा

माँ को अपने बच्चों के प्रति न्याय करने में कठिनाई क्यों आ रही थी?

प्र.19 यशोदा अपने आपको कृष्ण की धाय क्यों कहती है? **(3)**

अथवा

छत्रसाल की तलवार को प्रलयकालीन सूर्य के समान क्यों कहा है?

प्र.20 हिमालय की छाया में रहने के कवि ने क्या लाभ बताये हैं? **(3)**

अथवा

यशोधरा ने ''वसंत'' किसको कहा है? क्यों?

प्र.21 कवि का दोगली–दोहरी सभ्यता से क्या आशय है? **(3)**

अथवा

मुसीबत में किसका नाम लेना चाहिए?

प्र.22 मीनाक्षी मंदिर की कोई चार विशेषताएँ लिखिए। **(4)**

अथवा

दुनिया में कौनसी दो अमोध शक्तियाँ मानी गई हैं? कस्तूरबा की निष्ठा किसमें अधिक थी?

प्र.23 बालकृष्ण को देखकर माता यशोदा के हृदय में कौन–कौन सी अभिलाषाएँ जागती हैं? **(4)**

अथवा

रहीम ने धन को महत्त्व क्यों दिया है?

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – **(4)**

''महामंत्र ऋषियों का
अणुओं परमाणुओं में फूँका हुआ
''तुम हो महान्, तुम सदा हो महान्।''
है नश्वर यह दीन भाव
कायरता, कामपरता
ब्रह्म हो तुम,
पद–रज भर भी हैं नहीं पूरा वह विश्व–भार

अथवा

schools.aglasem.com
aglasem.com

''पेड़ों ने पत्ते तक उनका, त्याग देखकर त्यागे।

मेरा धुंधलापन कुहरा बन, छाया सबके आगे।

उनके तप के अग्निकुंड से घर–घर में हैं जागे,

मेरे कम्प हाय! फिर भी तुम नहीं कहीं से भागे।''

प्र.25 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

समय एक अमूल्य निधि है, जीवन संग्राम में सफल होने के लिए समय का सदुपयोग परम आवश्यक है। अक्सर लोग समय की तुलना धन से करते हैं। लेकिन समय धन से अधिक मूल्यवान है। धन तो एक साधन मात्र है, परन्तु समय सबकुछ है। धन नष्ट भी हो जाये तो पुनः प्राप्त किया जा सकता है, किन्तु नष्ट किए समय को प्राप्त करना असंभव है। जो मनुष्य समय नष्ट करता है समय उसे नष्ट कर देता है।

प्रश्न –

(1) उपर्युक्त गद्यांश का सार्थक शीर्षक लिखिए। (1)

(2) जीवन में सफल होने के लिए क्या आवश्यक है? (1)

(3) सबसे अधिक मूल्यवान क्या है? (1)

(4) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए। (2)

प्र.26 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

जग की विषम आँधियों के झोंके सम्मुख हो सहना।

स्थिर उद्देश्य समान और विश्वास–सदृश्य दृढ़ रहना।

जाग्रत नित रहना उदारता–तुल्य असीम हृदय में।

अंधकार में शांत चन्द्र–सा, ध्रुव–सा निश्छल भय में।

प्रश्न –

(1) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

(2) उपरोक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए। (2)

(3) स्थिर, समान, शांत, विश्वास शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (2)

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.27 अपने छोटे भाई को उसके जन्मदिन के उपलक्ष्य में बधाई पत्र लिखिए। **(5)**

अथवा

छात्रावास अधीक्षक को पत्र लिखकर छात्रावास में मिलने वाले भोजन के निरन्तर गिरते स्तर से अवगत कीजिए।

प्र.28 (अ) किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए – **(7)**

(1) समय का महत्त्व

(2) स्वदेश प्रेम

(3) जल ही जीवन है

(4) विज्ञान के नये आविष्कार

(5) स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत

(6) नारी तेरी शक्ति अपार

(7) पॉलिथीन के दुष्प्रभाव

(8) हमारे राष्ट्रीय पर्व

(ब) उपर्युक्त विषयों में से जिस विषय पर निबंध लिखा गया है, उसके अतिरिक्त अन्य किसी एक विषय की बिन्दुवार रूपरेखा लिखिए। **(3)**

---

schools.aglasem.com

aglasem.com

कुल पृष्ठों की संख्या : 05

हायर सेकेण्डरी परीक्षा, दिसम्बर–2021

आदर्श उत्तर

051

विषय : हिन्दी (सामान्य)

Subject: HINDI (General)

उ.1	(1)	भूषण	(5×1=5)
	(2)	सौन्दर्यशास्त्र	
	(3)	काका कालेलकर	
	(4)	वेदों	
	(5)	बादल	
उ.2	(1)	रहीम	(5×1=5)
	(2)	द्वन्द्व	
	(3)	श्लेष	
	(4)	फणीश्वरनाथ 'रेण्ड'	
	(5)	पुरूषत्व का	
उ.3	(1)	असत्य	(5×1=5)
	(2)	असत्य	
	(3)	सत्य	
	(4)	सत्य	
	(5)	सत्य	
उ.4	(1)	सहारा	(5×1=5)
	(2)	कविता	
	(3)	निबंध	
	(4)	पारिभाषिक शब्द	
	(5)	सुभद्रा कुमारी चौहान	
उ.5	(1)	यशोधरा के	(5×1=5)
	(2)	पाश्चात्य	
	(3)	गंगा	
	(4)	तीन	
	(5)	आज्ञा वाचक	

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.6 रोशनदान से बाढ़ के आते पानी को नाइग्राफॉल कहां गया है? (2)

अथवा

उ.6 मोमबत्ती बुझने पर चाँदनी दरवाजों एवं खिड़कियों से प्रविष्ट होकर कमरे में फैल गई।

उ.7 बल के साथ विवेक का साहचर्य उसे स्वर्ग की सीमा में ले जाता है। (2)

अथवा

उ.7 घर में सभी कार्य नौकर करते थे। गृहस्वामिनी भी रूढिवादी थी। दोनों ही कारणों से घर में स्वच्छता और सलीके का अभाव था।

उ.8 भारतेन्द्र हरिश्चन्द्र (2)

अथवा

उ.8 सरस्वती पत्रिका

उ.9 निबंध 4 प्रकार के होते है। (2)

(1) विचारात्मक

(2) भावात्मक

(3) वर्णनात्मक

(4) विवरणात्मक

अथवा

उ.9 लेखके के द्वारा अपने ही जीवन के विषय में लिखी जाने वाली रचना को आत्मकथा कहते हैं।

उ.10 कहानी के 6 तत्व होते है। (2)

(1) कधानक

(2) पात्र एवं चरित्र – चित्रण

(3) कथोपकथन

(4) भाषा –शैली

(5) देशकाल या वातावरण

(6) उद्देश्य

अथवा

उ.10 शुक्ल युग के बाद का युग शुक्लोंन्तर युग नाम से जाना जाता है।

उ.11 (1) वृक्ष से पत्ते गिर रहे है। (2)

(2) मैं अपनी कलम से लिखता है।

schools.aglasem.com

aglasem.com

अथवा

उ.11 आप चुप रहिए।

क्या मयूर वन में नाचता है?

उ.12 भाव पल्लवन लिखने पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें। (2)

उ.13 (1) अत्यधिक खुश होना (2)

(2) बहुत प्रयत्न करना

(सटीक वाक्य प्रयोग करने पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें।)

अथवा

उ.13 **(सटीक वाक्य प्रयोग करने पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें।)**

उ.14 (1) दिन – दिवस, दीन – गरीब (2)

(2) अपेक्षा – तुलना, उपेक्षा – अवहेलना

(सटीक वाक्य प्रयोग करने पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें।)

अथवा

उ.14 (1) खैर – कुशल

(2) सलीका – तरीका

उ.15 (1) अनेकता (2)

(2) मीठा

अथवा

(1) पग – पैर, पद, चरण

(2) पेड़ – वृक्ष, विरप, रूख।

उ.16 केरल की स्त्रियाँ 'महाश्वेता' की छवि धारण करती है। महाश्वेता का अर्थ सरस्वती देवी है। (3)

अथवा

उ.16 शिक्षा वो है जो मनुष्य में चरित्र निर्माण एवं कर्त्तव्य भावना का विकास करें। गाँधी जी अंक्षर ज्ञान को सच्ची शिक्षा नहीं मानते थे।

उ.17 सरोवर के किनारे एकांत में वे प्रश्नों का समाधान ढूँढते थे। (3)

अथवा

उ.17 मन को एकांग्र करने के बाह्म साधन यम, नियम, संयम आदि है।

उ.18 रत्न सागर, रत्नोदधि, रत्नरंजक (3)

schools.aglasem.com

aglasem.com

अथवा

उ.18 माँ के लिए सभी बच्चे समान होते हैं। इसीलिए उसे न्याय करने में कठिनाई आ रही थी।

उ.19 क्योंकि उन्होंने सिर्फ कृष्ण लालन पालन किया था। **(3)**

अथवा

उ.19 छत्रसाल की तलवार में प्रलयकारी सूर्य की प्रावरता एव ंचमक समाई हुई हैं शत्रु रूपी अंधकार को तलवार रूपी सूर्य समूल नष्ट कर देता है।

उ.20 (1) हिमालय हमें शत्रुओं से बचाता है। **(3)**

(2) हिमालय हमें जीवन दायिनी औषधियाँ प्रदान करता है।

(3) हमें ठंडी हवाओं से रोकता है।

(4) हिमालय की छाया से मनुष्य एवं पशु–पक्षियों को आराम मिलता है।

(5) प्राकृतिक वातावरण शुद्ध रखने में सहायता मिलती है।

अथवा

उ.20 राजकुमार सिद्धार्थ को यशोधरा ने बसंत कहां है? क्योंकि सिद्धार्थ ने यशोधरा के जीवन को प्रफुल्लित किया वे बसंत ऋतु के समान है।

उ.21 दो सभ्यताओं के सम्मिक्षण को दोगली–दोहरी सम्यता कहते है। **(3)**

अथवा

उ.21 मुसीबत में माँ का नाम लेना चाहिए। मुसीबत में माँ और ईश्वर ही साथ देते है। माँ ईश्वर के समतुल्य है।

उ.22 (1) यह बहुत विस्तीर्ण है। **(4)**

(2) यह कई गोपुरम से धिरा हुआ है। गोपुरम ऊँचा गुम्बद के समान द्वार है।

(3) मंदिर के प्रत्येक खम्भे पर हाथी के ऊपर सवार सिंह दिखलाया गया हैं।

(4) यहाँ बड़ी सजीव मूर्तियाँ है।

(ओर विशेषता लिखने पर अंक दें।)

अथवा

उ.22 शब्द और कृति दो अमोध शक्तियाँ है। कस्तूरबा की निष्ण कृति में थी। वे कृति को अधिक महत्त्व देती थी। उनकी दृष्टि में कृति ही संसार रचयिता है।

उ.23 कृष्ण घुटनों के बल चलें। दूध के दाँत शीध्र निकले। तोतली बोली में बोलना प्रारम्भ करें। नन्दबाबा और यशोदा भैय्या का उच्चारण करें। आँचल पकड़कर झगड़ा करें। अपने हाथों से थोड़ा – थोड़ा खाकर मुख में भरें। सभी दुःखों को दूर करने बाली मधुर हँसी बिरवेरे। **(4)**

schools.aglasem.com

aglasem.com

अथवा

उ.23 धन में मित्र बनाने की शक्ति होती है। निर्धन का कोई मित्र नहीं होता। अतः जीवन में धन का महत्त्व है।

उ.24 **संदर्भ** – प्रस्तुत पद्यांश जागों फिर एक बार कविता से लिया गया है। इसके कवि – सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' है। **(4)**

प्रसंग – कवि निराला ने भारतवासियों को ब्रह्मा के समतुल्य एवं महान बतलाया है।

(व्याख्या करने पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें।)

अथवा

उ.24 **संदर्भ** – प्रस्तुत पद्यांश 'यशोधरा की व्यथा' नामक कविता से लिया गया है। इसके कवि 'मैथलिशरण गुप्त' है।

प्रसंग – कवि ने 'यशोधरा की विरह व्यथा को प्रकृति से जोड़कर देखा है।

(व्याख्या करने पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें।)

उ.25 शीर्षक – **(5)**

(1) समय का सदुपयोग

(2) जीवन संग्राम में सफल होने के लिए समय का सदुपयोग परम आवश्यक है।

(3) समय धन से अधिक मूल्यवान है।

(गद्यांश का सारांश लिखने पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें)

उ.26 शीषर्क – **(5)**

(1) विषम परिस्थितियाँ एवं जागरूकता

(2) भावार्थ लिखने पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें।

(3) स्थिर – अस्थिर, समान – असमान, शांत – अशांत, विश्वास – अविश्वास

उ.27 पत्र लेखन पर स्वविवेक से अंक प्रदान करे। **(5)**

उ.28 सार गर्मित निबंध तथा रूपरेखा लिखने पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें। **(10)**

.....

schools.aglasem.com

aglasem.com